# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–01 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष 31 अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट जारी किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि 61 से 120 दिन की अवधि में कराए गए आरक्षण के 21 प्रतिशत टिकट रद्द करवा दिए जाते हैं। दिन के समय चलने वाली ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस जैसी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के लिए अग्रिम आरक्षण की कम समय की अवधि जारी रहेगी।

**********

सरकार ने केंद्रीय योजना नमो ड्रोन दीदी के संचालन के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस योजना में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाते हैं। वर्ष 2024–25 से वर्ष 2025–26 तक के लिए 14 हजार 500 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। दिशा निर्देशों के अनुसार नमो ड्रोन दीदी योजना केंद्रीय स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति संचालित करेगी। इस समिति में कृषि और किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उर्वरक विभाग के सचिव शामिल होंगे। ड्रोन और उसके उपकरणों की लागत का 80 प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सेवा सहायता समूहों को दिया जाएगा, जिससे वे ड्रोन खरीद सकेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। कल वनटांगियों के साथ दीपावली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले।

**********

विश्व कप और एशियन किक बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतने वाली गोरखपुर की रिंका सिंह चौधरी को आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए योगी सरकार आर्थिक मदद देगी। गोरखनाथ मंदिर में आज रिंका से मुलाकात करने के बाद इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सर को भरोसा दिया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में शुक्रवार से यातायात माह का आगाज हुआ। यातायात पुलिस लाइन स्थित आडिटोरियम हॉल के पास से पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने यातायात रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके पहले यातायात विभाग की ओर से आयोजित गोष्ठी में पुलिस कमिश्नर ने यातायात माह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आम लोगों से यातयात नियमों के पालन का आह्वान किया और बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों के पालन के साथ जागरूकता आवश्यक है। उधर, उन्नाव के यातायात कार्यालय में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह का फीता काटकर शुभारंभ किया। मिर्जापुर में यातायात माह का आज पुलिस अधीक्षक ने शुभांरभ किया, साथ ही स्कूलों बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व विधायक नारायण उर्फ भुलई भाई के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उनके निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और लिखा कि उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके निधन से भाजपा ने अपने एक कर्मठ और लोकप्रिय नेता को खो दिया है। जनपद कुशीनगर के रामकोला निवासी श्री भुलई जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे। वो दो बार जनसंघ के ही टिकट पर नेबुआ नौरंगिया सीट से विधायक चुने गए। उनकी आयु लगभग 110 वर्ष थी।

**********

बीते दिनों जौनपुर के ग्राम कबिरुद्दीनपुर में हुई ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की हत्या का संज्ञान लेकर आज प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव ने पीड़ित परिवार से उनके आवास पर भेंट कर, शोक संवेदनाएं व्यक्त की। श्री यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

**********

मथुरा के ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश के प्रांगण में आज गोवर्धन पूजा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में किया गया। उसके बाद शाम चार बजे ठाकुर जी भव्य अन्नकूट के दर्शन खुले। देश विदेश से जुटे श्रद्धालुओं ने अन्नकूट के दर्शन कर सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

**********